भूकम्प से बचाव के लिए बांधों की जांच जरूरी

आईआईटी प्रेक्षागृह में पांच दिवसीय शार्ट कोर्स शुरू

कानपुर (एसएनबी)। कैलिफोर्निया बरकेली विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अनिल कुमार चोपड़ा ने कहा कि देशभर के बांध को भूकम्प से बचाव के लिए बांधों का गहन परीक्षण जरूरी है।

प्रो. चोपड़ा आईआईटी आउटरिच प्रेक्षागृह में आयोजित बांधों के निर्माण व भूकम्प विषयक पांच द्विवसीय शार्ट कोर्स कार्यक्रम में बतौर मुख्यवक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गहन परीक्षण के साथ ही साथ बांधों की समय-समय पर समीक्षा भी जरूरी है। बांधों की गहन परीक्षण के दौरान उनके निर्माण में प्रयोग सामानों तथा भूकम्प के खतरों की जांच जरूरी है। शार्ट कोर्स में अन्य राज्यों से आये प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए आईआईटी एनआईसीईई के विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार दीक्षित ने कहा कि बांधों को भूकम्प से बचाव को लेकर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान की सभी सुविधाओं का भरपूर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम समापन के बाद भी संस्थान के विभाग से बाहरी लोगों का सम्पर्क बना रहना जरूरी है।

शार्ट कोर्स के पहले दिन प्रो. चोपड़ा तथा अमेरिका के लैरी की. नूस ने व्याख्यान दिये। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के कुल 150 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसके पूर्व प्रो. चोपड़ा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

आईआईटी में बांधों के निर्माण विषयक कार्यशाला का उद्घाटन करते प्रोफेसर अनिल के चोपड़ा। फोटो : एसएनबी

राष्ट्रीय सहारा 5/03/09